कन्या महाविद्यालय की छात्राओं का मिला महाराजा अग्रसेन मेरिट अवार्ड

विगत दिनों शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की पांच छात्राओं को उनके उत्कृष्ठ परीक्षाफल के लिये उनके संकाय में प्रथम आने पर महाराज अग्रसेन मेरिट अवार्ड से महाविद्यालय के एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

प्रतिवर्ष अग्रवाल समाज द्वारा प्रदत्त यह अवार्ड इस वर्ष एक भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल द्वारा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल को महाविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में प्रदत्त किये गये।

ज्ञातव्य है कि यह अवार्ड प्रतिवर्ष कन्या महाविद्यालय की पांच छात्राओं को महाराजा अग्रसेन के नाम से स्थापित कोष से दिये जाते है। जिनमें प्रत्येक छात्रा को नगद प्रोत्साहन राशि के साथ–साथ स्मृति चिन्ह भी प्रदान किये जाते हैं। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि समाज के संरक्षक श्री विजय अग्रवाल द्वारा प्रदत्त राशि के ब्याज से प्रतिवर्ष शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस तरह की प्रोत्साहन सहायता राशि उपलब्ध करायी जाती है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इन पांचों छात्राओं को अपनी शुभकमानायें देते हुए अग्रवाल समाज के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि अग्रवाल समाज बालिकाओं के उत्थान के लिये इस तरह के प्रोत्साहन योजनाएँ संचालित कर बालिकाओं के भविष्य को गढ़ने का अनुकरणीय कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में डॉ. ऋचा ठाकुर एवं डॉ. के.एल. राठी के अलावा पुरष्कृत छात्राओं के पालक तथा महाविद्यालय की अनेक छात्रायें भी उपस्थि थी। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाली छात्रायें ये थी– कु. आशना आफरीन (बी.ए.), कु. मानसी सिंह राजपूत (बी.एससी. गृहविज्ञान), कु. लाईबा नूर (बी.एससी. बायो), कु. आकांक्षा इंग्ले (बी.कॉम.) एवं कु. प्रियंका गोयल (बी.कॉम.भाग–1)